Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding payment of arrears of medical costs incurred by various hospitals in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand under Ayushman Bharat Yojana.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। आज 'आयुष्मान भारत योजना' से देश के करोड़ों गरीब, वंचित, बीमारियों से पीड़ित परिवारों को उक्त योजना का लाभ मिला है। यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच और गरीबों के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करता है।

महोदय, जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कई ऐसे अस्पताल हैं, जिनका करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं होने के कारण इन अस्पतालों में गरीबों का इलाज होना बंद हो गया है। ऐसे अस्पताल निम्नलिखित हैं-

1. ब्रह्मानंदा हॉस्पिटल सरायकेला

2. मेडिटिरिना हॉस्पिटल सरायकेला

3 गंगा मेमोरियल जमशेदपुर

4. दया हॉस्पिटल जमशेदपुर

5. अपूर्वा ईशान जमशेदपुर

6. साकेत हॉस्पिटल जमशेदपुर

7. डॉक्टर अभिषेक चाइल्ड जमशेदपुर

8. मेहरबाई टाटा जमशेदपुर

9. डॉक्टर डी. मिश्रा यूरोलॉजी जमशेदपुर

विदित है कि उक्त मामले को पिछले सत्र के दौरान भी मैंने उठाया था। मैं माननीय मंत्री जी एंव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे अपने पत्रांक अर्ध शासकीय पत्र संख्या एस-12012/57/2022 दिनांक 05 दिसंबर, 2022 के माध्यम से सूचित किया है कि उपरोक्त संबंधित अस्पतालों का भुगतान किया जाएगा। परंतु उक्त अस्पतालों का भुगतान अभी तक नहीं होने से इलाज कराने वाले गरीब मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उपरोक्त अस्पतालों का आयुष्मान भारत योजना के तहत बकाए राशि का भुगतान अविलंब कराने की कृपा की जाए, ताकि इन अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित गरीब परिवारों का समुचित इलाज हो सके।